राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने आज आई॰जी॰आई॰एम॰एस॰ जाकर कोरोना से बचाव का टीका लिया

पटना, 22 मार्च 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज आई॰जी॰आई॰एम॰एस॰ जाकर कोरोना से बचाव का टीका लिया। राज्यपाल टीकाकरण कराने के बाद 30 मिनट तक डॉक्टरों एवं विशेषज्ञों की निगरानी में अस्पताल में ही रूके रहे। तत्पश्चात् राज्यपाल राजभवन लौट आए।

राज्यपाल ने कोरोना का वैक्सीन लगवाने के बाद कहा कि टीका लेने में उन्हें कोई कठिनाई नहीं हुई। उन्होंने राज्यवासियों से प्रावधानों के अनुरूप कोविड से बचाव का टीका यथाशीघ्र लगवा लेने की भी अपील की।

राज्यपाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 'कोविड–19' से बचाव के लिए सार्थक एवं गंभीर प्रयास हो रहे हैं, जिनके संतोषजनक नतीजे सामने आए हैं। राज्यपाल ने कहा कि आज भारत में बनी कोविड वैक्सीन दुनियाँ के 71 से भी अधिक देशों में भेजते हुए विश्व–मानवता के कल्याण की दिशा में सार्थक पहल हुई है। राज्यपाल ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के प्रयासों की बदौलत बिहार में कोरोना से रिकवरी–रेट राष्ट्रीय औसत से भी ज्यादा 99.19 प्रतिशत है।

राज्यपाल ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि कोरोना के टीकाकरण में भी बिहार राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा। राज्यपाल के कोविड–टीकाकरण के समय आई॰जी॰आई॰एम॰एस॰ के निदेशक प्रो॰ डॉ॰ एन॰ आर॰ विश्वास एवं संस्थान के अन्य चिकित्सकगण भी उपस्थित थे। आज राज्यपाल सचिवालय के कई अधिकारियों ने भी आई॰जी॰आई॰एम॰एस॰ में कोविड का टीका लिया।

....